## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 07.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केन्द्र सरकार ने झारखंड के लिए 15वें वित्त आयोग की दूसरी किस्त को दी मंजूरी, राज्य की पंचायतों को मिलेगा सीधा लाभ।**
2. **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी, आज चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही तेज होगा प्रचार और जनसंपर्क अभियान।**
3. **भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर व्यापारियों को अपमानित करने का लगाया आरोप, सत्तारुढ़ झामुमो और कांग्रेस ने किया पलटवार।**
4. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो में छात्रों को किया संबोधित; समय प्रबंधन, अनुशासन और कड़े परिश्रम को बताया सफलता की कुंजी।**
5. **भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हराकर छठी बार अंडर–19 वनडे क्रिकेट विश्व कप जीता, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को दी बधाई।**

**********************

केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए 15वें वित्त आयोग की दूसरी किस्त को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत 277 करोड़ से ज्यादा रुपये राज्य को मिलेंगे। इसमें से 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों, 15 प्रतिशत पंचायत समितियों और 10 प्रतिशत जिला परिषदों को मिलेगा। इस राशि से सीधे राज्य की पंचायतों को मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के कार्यों को गति दी जा सकेगी।

**********************

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव के तहत नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। आज चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही चुनावी जंग औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी अब घर–घर जाकर जनसंपर्क और प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंकेंगे, जिससे राजनीतिक सरगर्मी और तेज होने की उम्मीद है।

**********************

पूर्वी सिंहभूम के नगर निकाय चुनावों में मानगो नगर निगम की मेयर सीट सबसे हॉट सीट बन गई है। यहां पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता, भाजपा नेता नीरज सिंह की पत्नी संध्या सिंह, कांग्रेस की जेबा खान और कुमकुम श्रीवास्तव के बीच कड़ा मुकाबला है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन चार दिग्गजों ने चुनाव को हाई–प्रोफाइल बना दिया है।

**********************

धनबाद में झामुमो के स्थापना दिवस पर व्यापारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथित टिप्पणी से सियासत गरमा गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का निवेशकों और व्यापारियों के प्रति दोहरा चरित्र सामने आया है।

**********************

झामुमो और कांग्रेस ने इन आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंडियों को रोजगार देने की बात भाजपा को पचती ही नहीं है। वहीं

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है मुख्यमंत्री राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**********************

जामताड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आश्रम विद्यालय में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को इस कुप्रथा के दुष्प्रभावों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई ताकि वे जागरूक होकर समाज में बदलाव ला सकें।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो के रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में छात्रों को संबोधित करते हुए उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने समय प्रबंधन, अनुशासन और कड़े परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया और विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने की प्रेरणा दी।

**********************

जामताड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी संजय कुमार सिंह के अनुसार इनके पास से 6 मोबाइल और 7 फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

**********************

सिमडेगा पुलिस ने जूते की एक दुकान में चल रहे नशीले कैप्सूल के काले धंधे का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी में 114 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किया गया है। पुलिस ने संचालक मो. सैफ अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ बैजू उरांव के अनुसार, जिले में नशा मुक्त अभियान के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**********************

सरायकेला के आदित्यपुर में 13 राज्यों की कला और संस्कृति से सजे स्वदेशी मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। 120 स्टालों के माध्यम से स्थानीय कौशल को मंच मिला है। इसरो अध्यक्ष रुपेश कतरियार ने बेरोजगारी के समाधान के लिए स्वदेशी अपनाने और तकनीक के साथ पारंपरिक रोजगार जोड़ने पर जोर दिया।

**********************

भारत ने रिकार्ड छठी बार अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। जिम्बाब्वे में हुए फाइनल में, भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हराया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत निर्धारित 50 ओवर में 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में, इंग्लैंड की टीम 40 ओवर और 2 गेंद में 311 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से कालेब फॉकनर ने सर्वाधिक 115 रन बनाए। यह अंडर–19 विश्व कप फाइनल में अब तक की सबसे बड़े अंतर वाली जीत भी है। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंडर–19 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। राज्यपाल ने इसे देश के लिए गौरव का क्षण बताया, वहीं मुख्यमंत्री ने टीम के अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य का संकेत बताया।

***********************

**अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भारत के छठी बार अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीतने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**– विश्व विजेता भारत...चिरंजीवी वैभव।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**– कोडरमा में 10 बिरहोर बच्चे छह दिन से लापता।

**प्रभात खबर** ने निकाय चुनाव के संबंध में लिखा है– इस बार नहीं चला गठबंधन का फार्मूला, बागियों ने बढ़ायी पार्टियों की मुश्किलें।

**दैनिक जागरण लिखता है**– धौनी होंगे झारखंड पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर, शीघ्र शुरु होगी शूटिंग।

*********समाप्त**********